प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में उद्यमियों ने झारखंड के प्रति दिखायी रुचि, 26 हजार करोड़ के निवेश का दिया प्रस्ताव।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की रांची में डिजिटल लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर खोलने की घोषणा, कहा– इस पहल से समाज का हर वर्ग बनेगा सशक्त।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो हफ्ते में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति करने का दिया निर्देश, अन्य संवैधानिक पदों को भी शीघ्र भरने को कहा।
4. प्रयागराज में जारी महाकुंभ में आज जनजाति सांस्कृतिक समागम, झारखंड समेत देशभर के 15 हजार से ज्यादा आदिवासी युवा लेंगे भाग।
5. 38वें राष्ट्रीय खेलों की लॉन बॉल प्रतियोगिता में झारखंड को तीन स्वर्ण और दो रजत पदक, पदक तालिका में 17वें स्थान पर पहुंचा।

******************

बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट के दौरान झारखंड को 26 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इस निवेश से 15 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद ही उद्यमियों के साथ बातचीत कर निवेश के प्रस्ताव पर सहमति बनायी। निवेशकों में से कई ने नये उद्यम लगाने और कुछ उद्यमियों ने यहां पहले से स्थापित अपने उद्योगों के विस्तार के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिया कि सरकार झारखंड में उद्यम लगाने वालों को हरसंभव सहयोग करेगी।

******************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची में ई–लाइब्रेरी और साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर खोलने की घोषणा की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सेठ ने कहा कि ई–लाइब्रेरी के माध्यम से युवाओं को दुनिया भर की सभी पुस्तक और पाठ्य सामग्रियां आनलाइन उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर सुरक्षा से जुड़े कई स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम भी चलाये जायेंगे। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस पहल से समाज का हर वर्ग सशक्त बनेगा।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति दो हफ्ते में करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सूचना आयुक्तों के साथ ही अन्य संवैधानिक पदों को शीघ्र भरा जाना चाहिए। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

******************

राजभवन का उद्यान आम नागरिकों के लिए आज से खोल दिया जायेगा। नागरिक 12 फरवरी तक राजभवन उद्यान का भ्रमण करके वहां खूबसूरत फूलों और पौधों को देख सकेंगे। उद्यान हर दिन सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खुला रहेगा। राजभवन के गेट नंबर दो से आवश्यक सुरक्षा जांच के बाद दिन के एक बजे तक लोगों को उद्यान में प्रवेश दिया जायेगा। लोगों को अपने साथ अपना एक पहचान पत्र रखना आवश्यक होगा।

******************

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन के तहत चल रही 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के तहत पूर्वोत्तर भारत के 31 प्रतिनिधि आज से 10 फरवरी तक रांची में मेजबान परिवारों के साथ रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इससे उन्हें झारखंड की परंपरा और संस्कृति को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन के संयोजक कुणाल शर्मा ने रांची में यह जानकारी दी।

******************

प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजाति सांस्कृतिक समागम–2025 का आयोजन किया जाएगा। इसमें झारखंड समेत देश भर से 15 हजार से अधिक आदिवासी भाग लेगें। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि छह दिवसीय उत्सव के दौरान सभी प्रतिभागी जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण का संकल्प लेगें।

******************

पाकुड़ जिले में मछली पालन को बढ़ावा देने के साथ–साथ मत्स्य पालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है।

******************

उतराखंड के देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में कल का दिन झारखंड के लिए शानदार रहा। राज्य की लॉन बॉल टीमों ने तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीत कर पदक तालिका में लंबी उछाल हासिल की।

******************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में उद्यमियों द्वारा झारखंड को दिये गये निवेश के प्रस्ताव को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राज्य में 26 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव, 15 हजार को मिलेगा रोजगार।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– निवेशकों की हर परेशानी दूर करेंगे।

प्रभात खबर के शब्द हैं– कल तक नियुक्त नहीं हुए जैक अध्यक्ष तो टल सकती है मैट्रिक–इंटर की परीक्षाएं।

दैनिक जागरण ने ट्रक की चपेट में आने से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दो विद्यार्थियों की मौत की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

रांची एक्सप्रेस लिखता है– वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच पीएम मोदी ने लगायी संगम में डुबकी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने अमेरिकी विमान के अवैध प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचने की खबर को सुर्खी बनायी है जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने दिल्ली विधानसभा के लिए हुए मतदान के समाचार को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**************